
# नगर के 390 कुओं की होगी सफाई

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम करायेगा, संभागायुक्त को संयुक्त संचालक ने दी जानकारी

नवभारत न्यूज
( अवनीश जैन )

**सागर 10 अप्रैल. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी मे नगर पालिक निगम 390 कुओं की साफ सफाई कराने जा रहा है. जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर के कुओं की साफ-सफाई कराई जावेगी. नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में संभागायुक्त को नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त संचालक द्वारा जानकारी दी गई.**

मालूम हो कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राकृतिक जल स्त्रोतो के संरक्षण और संवर्धन के लिए अभियान चलाया जा रहा है. पिछले साल भी अभियान चलाया



गया था. मगर नगर निगम क्षेत्र मे कोई कार्य नही कराये गये थे. नगर निगम ने नगर के 48 वार्डों में चिन्हित कुओं की सफाई के लिए निविदा भी निकाली गई थी, लगभग पचास लाख रुपए की लागत से कुओं की साफ-सफाई कराई जाना था. मगर जमीनी हकीकत यह है कि कोई सफाई नही हो सकी थी, पिछली परिषद की बैठक मे सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदो ने परिषद की बैठक मे बात उठाई गई तो संबंधित जल प्रदाय शाखा के अधिकारी कुओ की सफाई के संबंध मे कोई ठोस स्पष्ट जानकारी नही रख सके. बाद मे पता चला है कि नगर के 48 वार्डो के लिए चार निविदा निकाली गई थी मगर एक ही निविदा स्वीकृत हो सकी थी. जिसके तहत भी एक भी कुंए की न तो सफाई हुई और न ही कोई भुगतान किया गया है.

गत दिवस सागर संभागायुक्त ने नगरीय क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक कुओं की साफ सफाई कराएं तथा लोगों को पानी को स्वच्छ रखने के लिए भी जागरुक करें. संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संभागीय मुख्यालय सागर में लगभग 390 कुओं की सफाई की जा रही है, इसके अलावा सागर नगर के नालों और नालियों की भी साफ-सफाई की जा रही है. सागर नगर में सीवर लाइनों की भी समुचित साफ सफाई की जा रही है. बताया जाता है कि कमिश्नर बैठक मे संबंधित अधिकारी ने कुओं की साफ-सफाई के बारे मे तो जानकारी सामने रख दी गई.

## कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण आज

**सागर.** भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण 11 अप्रैल को दोपहर बारह बजे अटल पार्क परिसर में होने जा रहा है. प्रतिमा का अनावरण विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष व प्रसिद्ध पत्रकार रामबहादुर राय, केन्द्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी, खाद्य मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह, विधायक शैलेन्द्र जैन, प्रदीप लारिया, महापौर संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार की उपस्थिति में होगा. समारोह की अध्यक्षता रघु ठाकुर करेंगे. दो वर्ष पहले ही भारत सरकार ने अपने सर्वोच्च सम्मान भारतरत्न से कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत सम्मानित किया था.

# ज्योतिबा फुले ने शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के लिए कार्य किया : कुलपति डॉ ठाकुर

नवभारत न्यूज

**सागर 10 अप्रैल. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में डॉ. अंबेडकर चेयर के द्वारा डॉ. अंबेडकर मेमोरियल लेक्चर जिसका विषय सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा फुले का दृष्टिकोण विषय पर कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने कहा कि डॉ. हरीसिंह गौर, डॉ. अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले मानते थे की शिक्षा के माध्यम से ही सामाजिक परिवर्तन आ सकता है इसलिए आज आवश्यकता है शिक्षा के माध्यम से रोजगार और नीतिगत शिक्षा देने की.**

उन्होंने कहा कि नीतिगत शिक्षा आज की आवश्यकता है, शिक्षा के माध्यम से ही समग्र विकास हो सकता है. महात्मा ज्योतिबा फुले




एवं सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाने का कार्य किया. सतीश कुमार ने कहा कि फुले का जन्म उस समय हुआ था जब समाज में अनेक कुरीतियां थी. महात्मा ज्योतिबा फुले मानते थे कि इनका एक ही समाधान है वह है शिक्षा. मुख्य वक्ता डॉ. अनिल तिवारी ने कहा कि समानता आधारित मानवतावादी सोच के आधार पर समाज में परिवर्तन लायें, जितना त्याग ज्योतिबा फुले ने किया उतना त्याग समाज परिवर्तन के लिए उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले ने भी किया. सहायक प्राध्यापक डॉ. अंबेडकर चेयर डॉ. देवेंद्र कुमार ने कहा कि जिस व्यक्ति ने समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए अपना जीवन लगा दिया, उन व्यक्तियों का जीवन अमर हो जाता है. डॉ. अंबेडकर चेयर संगोष्ठी, निबंध प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता एवं युवाओं के बीच ज्योतिबा फुले के विचारों को ले जाने के लिए हम पूरे वर्ष कार्य करेंगे.

# महिलाओं को मिल रहा रोजगार



नवभारत न्यूज

**सागर 10 अप्रैल. संभागीय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में निशुल्क शॉर्ट टर्म प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं.**

अमरनाथ साकेत प्राचार्य ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से जिले के युवाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण में प्रशिक्षित कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है. प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों पंकज बंसल और राजेश कोरी का कहना है कि शॉर्ट टर्म कोर्स के प्रशिक्षण से वे पढ़ाई के साथ साथ समय का सदुपयोग अपने कौशल को बढ़ाने में कर पा रहे है.

## कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सागर.** एडिना ग्रुप ऑफ फार्मेसी कॉलेज के विद्यार्थियों ने जी - पेट 2026 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है. विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से उत्कृष्ट ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की, जिनमें संभव जैन, हर्षिता दांगी - ब्रजेंद्र लोधी, परियुल जैन, रानी कुर्मी, शिवा यादव, महक मौर्य, डुलगु मांझी ने रैंक प्राप्त की. इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. सुनील जैन, प्राचार्य डॉ. विवेक जैन एवं डॉ. प्रतीक जैन ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है.

# महा अभियान के तहत शिविर आयोजित हुआ

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 10 अप्रैल. भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत राहतगढ़ मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया.**

मुख्य वक्ता पूर्व विधायक डॉ. विनोद पंथी ने बताया कि भाजपा की वैचारिक जड़ें भारतीय जनसंघ से जुड़ी हैं और यह पार्टी राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक मूल्यों तथा अंत्योदय की विचारधारा पर आधारित है. पूर्व जिला अध्यक्ष हरीराम सिंह ने भाजपा के कार्य विस्तार और




संगठनात्मक मजबूती पर अपने विचार रखे. जिपं अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि भाजपा आज लगभग 14 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है. डॉ.वीरेंद्र पाठक ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क बढ़ाने तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया. प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को यह भी बताया गया कि किस प्रकार भाजपा की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए और सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक सुनिश्चित किया जाए.

# परिचय सम्मेलन आमंत्रण पत्र सौंपा



नवभारत न्यूज

**सागर 10 अप्रैल. चौरसिया समाज द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह, परिचय सम्मेलन 25 व 26 अप्रैल को प्रस्तावित है.**

आयोजन समिति के सदस्यों ने महापौर को विशिष्ट अतिथि बतौर आमंत्रित करने के लिए महापौर प्रतिनिधि डॉ सुशील तिवारी को आमंत्रण पत्र सौंपा. इस अवसर पर प्रदेश पैनलिस्ट रिशांक तिवारी, एमआईसी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर, राजकुमार पटेल, पार्षद प्रतिनिधि सोमेश जड़िया, अमन चौरसिया, बसंत बाबा चौरसिया, श्रीराम पहलवान, इंजी. हरगोविंद चौरसिया, रमेश चौरसिया, सम्मेलन महामंत्री, कमलेश चौरसिया सम्मेलन सह सचिव उपस्थित थे.

# जटिल रोगों पर होम्योपैथी बेहद कारगर

नवभारत न्यूज

**सागर 10 अप्रैल. होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन की जयंती पर बी.एम.होम्यो सेंटर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**

डॉ. एस. एन. चटर्जी ने कहा कि होम्योपैथी एक समग्र चिकित्सा पद्धति है, जो केवल रोग के लक्षणों को ही नहीं बल्कि व्यक्ति के सम्पूर्ण व्यक्तित्व को ध्यान में रखकर उपचार करती है. यह शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाती है. डॉ. राजेश जैन ने बताया कि माइग्रेन, एलर्जी, अस्थमा, त्वचा रोग एवं मानसिक विकार जैसे जटिल रोगों




में होम्योपैथी के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं. डॉ भूपेंद्र यादव ने कहा कि यह चिकित्सा पद्धति रोग की जड़ तक पहुंचकर स्थायी समाधान प्रदान करती है. कार्यक्रम को डॉ ओपी शिल्पी,डॉ अभिलाषा सैनी डॉ अंकुर सिंघई ने भी संबोधित किया. डॉ. राजेश सैनी ने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर डॉ ऋषि जैन, दिनेश सैनी, डॉ. अभिलाषा ,डॉ एम. एम. बैग, डॉ संदीप जैन ,डॉ पीके ताम्रकार डॉ संग्राम सिंह, डॉ. एच एस चौहान, डा. फहीम दाद, डॉ विवेक जैन, डॉ योगेश दत्त तिवारी, डॉ लखन पटेल, डॉ राहुल दुबे, डॉ मयूर ताम्रकार, मुकुल सैनी, डॉ किशोर सोनी मौजूद थे.

# काली कमेटी ने किया सम्मान



नवभारत न्यूज

**सागर 10 अप्रैल. संत रविदास वार्ड स्थित श्री देव भूतेश्वर काली कमेटी के सदस्यों ने विधायक शैलेंद्र जैन के निवास पहुंचकर सम्मान किया.**

उल्लेखनीय है कि विधायक श्री जैन द्वारा काली कमेटी को टीन शेड प्रदान किया गया है. विधायक श्री जैन ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी धीरे-धीरे सनातन संस्कृति और परंपराओं से दूर होती जा रही है. धार्मिक आयोजन हमारी आने वाली पीढ़ी को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं. इन आयोजनों में सक्रिय युवाओं का उत्साहवर्धन करना हम सभी का दायित्व है.

# महिला कांग्रेस ने किया सीएम का पुतला दहन

नवभारत न्यूज

**सागर 10 अप्रैल. मप्र महिला कांग्रेस की सचिव सीमा चौधरी के नेतृत्व में असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा सरमा का पुतला दहन कर एफआईआर की मांग को लेकर ज्ञापन मकरोनिया चौराहे पर प्रशासन को दिया.**

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहसा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री सरमा ने श्री खड़गे का अपमान कर कर सनातनी परंपरा को कुठारा घात लगा है. पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने अपनी मर्यादाएं खोई, ऐसा हम बर्दाश्त नहीं करेंगे. प्रदेश महिला कांग्रेस



की सचिव श्रीमती चौधरी ने कहा कि महिला कांग्रेस एवं महिला शक्ति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी. कार्यक्रम में आशीष ज्योतिषी, दीपक दुबे, जतिन चौकसे, अभिषेक गौर, मनोज पवार, आरआर पाराशर, देवेंद्र कुर्मी, सत्येंद्र दुबे, हेमंत लारिया, एड. धन सिंह अहिरवार, अजय अहिरवार, गुड्डू रैकवार, अक्षय दुबे, रोहित वर्मा, कमलेश अहिरवार, राजेश अहिरवार, वसीम खान, पार्षद रिचा सिंह, डॉ. हेमकुमारी कुर्मी, रोशनी खान, रेखा सोनी, कमल रानी आदिवासी,हल्कीभाई आदिवासी, गीता ठाकुर, संतोष बाई, जमुना बाई मौजूद थीं.



# समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 10 अप्रैल. प्राइवेट स्कूल संचालकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया.**

ज्ञापन में निजी विद्यालयों से जुड़ी पुस्तकों, शुल्क एवं ड्रेस संबंधी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया. जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसियेशन ने बताया कि किस प्रकार प्राइवेट स्कूलों के विरोध में माहौल तैयार किया जा रहा है. प्राईवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद के प्राइवेट विद्यालय शिक्षा व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में हमारे विद्यालय सरकार का कन्धे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहे हैं. पिछले कई वर्षो से विद्यालय संचालक पुस्तक एवं शुल्क संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग करते आ रहे हैं, जिस पर अभी तक अपेक्षित ध्यान जिला प्रशासन द्वारा नहीं दिया गया है.

## स्वास्थ्य शिविर आज

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय स्थित महिला समाज एवं स्वास्थ्य केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में 11 अप्रैल शनिवार प्रात: 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर महिला समाज भवन में एक विशेष नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है. मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वाय. एस ठाकुर रहेंगे. शिविर में मुख्य रूप से बोन मिनरल डेंसिटी, इलैक्ट्रो कार्डियो ग्रॉफी, ब्लड प्रेशर, कॉम्प्लीट ब्लड काउंट, ब्लड शुगर, नाक कान गला की जाँच, आँखों की जाँच, दांतों की जाँच आदि सभी जाँचे नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है. परिसर की महिला सदस्यों के साथ-साथ गरीब, बेसहारा, असहाय, अशक्त व जरुरतमंद एवं वंचित महिलाएं सम्मिलित होकर स्वास्थ्य परीक्षण कराएं.

# समृद्ध, सामर्थ्यवान और स्वाभिमानी राष्ट्र का निर्माण प्रत्येक कार्यकर्ता का ध्येय : श्री सिंह

नवभारत न्यूज

**खुरई 10 अप्रैल. एक समृद्ध, सामर्थ्यवान और स्वाभिमानी राष्ट्र का निर्माण भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का संकल्प होता है, सत्ता नहीं राष्ट्र हमारी प्राथमिकता है. भाजपा कभी सत्ता के लिए अपनी विचारधारा, सिद्धांतों से समझौता नहीं करती.**

प्रदेश में 22 वर्षों से भाजपा की सरकार है और प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी को जनता ने तीसरी बार चुना है. यह सुशासन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का परिणाम है, विचारधारा ही हमारी पूंजी है जिसे बना कर रखना हम सभी कार्यकर्ताओं का परम दायित्व है. यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने पं



दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान -2026 के अंतर्गत मालथौन मंडल व बरोदिया कलां मंडल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में व्यक्त किए. श्री सिंह ने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा के आज तक के इतिहास में हमारी पार्टी का कभी विभाजन नहीं हुआ. इसलिए नहीं हुआ क्योंकि विचारों, मूल्यों, सिद्धांतों से भाजपा ने कभी समझौता नहीं किया. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने अपनी सरकार 13 दिन में एक वोट के अंतर से छोड़ दी थी. पूर्व प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर तब रो पड़े थे और उन्होंने अटल जी से कहा था कि एक वोट के लिए आप मुझ से ही कह देते. अटल जी ने संसद में अपने भाषण में कहा था कि जोड़ तोड़ से बनी सत्ता को वे चिमटे से छूना भी पसंद नहीं करेंगे. श्री सिंह ने कहा कि बहुत उतार चढ़ाव पार्टी ने देखे है.

# श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

नवभारत न्यूज

**रहली 10 अप्रैल. जगदीश वार्ड में 14 अप्रैल तक चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथाचार्य ब्रह्मचारी रामदास महाराज ने पहले दिन भागवत जी की उत्पत्ति रचना ज्ञान और वैराग्य से भरी व्यास जी की शोकव्यथा का वर्णन किया.**




महाभारत प्रसंग पर माता कुंती के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा महाभारत के अंत में माता कुंती ने भगवान से जो मांगा वह लोगों को अप्रत्याशित था आज लोग भगवान के यहां अपने स्वार्थ के साथ लाभ के लिए जाते हैं लेकिन माता कुंती ने भगवान से वरदान में दुख मांगा क्योंकि उनका मानना था मनुष्य दुख में ही भगवान ईश्वर का स्मरण करता है, ईश्वर से सदैव निकटता बनी रहे इसलिए सुखों को तिलांजलि दी स्वयं को दुख मांग लिए. आज धर्म की व्याख्या करने वाली विद्वानों पर चर्चा करते हुए कहा कि धर्म कोई परंपरा नहीं धर्म तो निर्धारित नियमों का पालन करते हुए आचरण करना ही धर्म है धर्म ग्रंथो में विकल्प दिए गए हैं आप विकल्प चुनिए और विकल्प के साथ धर्माचरण करिए धर्म को आगे बढाईये.

अंत में सुगम संगीत के साथ श्रीमन नारायण नारायण के भजन के साथ मुख्य यजमान श्रीमती प्रेमलता गोविंद पटेल, शिक्षक माधव पटैल परिवार और उपस्थित श्रद्धालु जनों ने भागवत जी की महा आरती की.

# विद्या आरंभ उत्सव एवं उनमुखीकरण कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**रहली 10 अप्रैल. बच्चों के स्कूली शिक्षा में प्रवेश को भयमुक्त व आनंद दायी वातावरण बनाने के उद्देश्य से सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट कृषि उच्च माध्य विद्यालय रहली में कक्षा उदय के विद्यार्थियों हेतु विद्या आरंभ उत्सव का आयोजन हुआ.**

कार्यक्रम में कक्षा उदय के 58 अभिभावक अपने बच्चों के साथ उपस्थित हुए. नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. बच्चों के स्कूल के पहले दिन को आनंददायी बनाने के लिए




शिक्षिका रेखा साहू द्वारा मनोरंजक गतिविधियाँ व कक्षा यू के जी के बच्चों ने डांस टीचर शालिनी दुबे के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए. शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा की अभिभावक छोटे बच्चों को मोबाइल से दूर रखें ताकि उनके संज्ञानात्मक ज्ञान अवरुद्ध न हो. प्राचार्य दिलीप चौबे ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्व प्राथमिक कक्षा से ही तैयारी करायी जाती है. संजय खरे,उमेश वैद्य व सलामत खान ने संज्ञानात्मक, सामाजिक, भावनात्मक विकास और स्वास्थ्य के लिए कैसे और क्या करना है इस पर चर्चा की. शिक्षक नीरज नेमा ने संचालन किया. आकांक्षा विश्वकर्मा ने आभार माना.

## जीतू पटवारी का स्वागत

**सागर.** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के सागर आगमन पर मोतीनगर चौराहे पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव द्वारा स्वागत किया. अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष श्री पटवारी जब-जब सागर आते है कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ता है. ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने कहा कि श्री पटवारी जबसे अध्यक्ष बने हैं लगातार जनता की आवाज उठा रहे हैं. इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, अमित राम जी दुबे,प्रदीप गुप्ता, मुकुल पुरोहित, सिंटू कटारे, अध्यक्ष हेमराज रजक, नरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र राजे मौजूद थे.

# किसान नरवाई न जलाएं, नरवाई प्रबंधन अपनाएं

नवभारत न्यूज

**सागर 10 अप्रैल. किसानों के खेतों पर पहुंचकर उन्हें नरवाई न जलाने एवं नरवाई प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है.**

कृषि विभाग वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय द्वारा बीना विकासखंड के ग्राम गोदना में किसान श्री धीरज सिंह के खेत पर पहुंचकर गेहूं की नरवाई में पूसा बायोडी कंपोजर, इफको डीकंपोजर का प्रदर्शन किसानों के समक्ष किया गया. इस अवसर पर किसानों को नरवाई न जलाने एवं नरवाई प्रबंधन हेतु प्रेरित किया गया और एक नई पहल के रूप में बायोडीकंपोजर को कैसे तैयार



करना है तथा उसका सही तरीके से उपयोग (स्प्रे) कैसे करना है, इसके संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय बताते हैं कि 25 लीटर पानी में 50 ग्राम बायोडीकंपोजर, 750 ग्राम गुड़ और 50 ग्राम बेसन मिलाकर घोल तैयार करें. इस घोल को एक सप्ताह के लिए ढककर रख दें. एक सप्ताह बाद इस घोल को एक एकड़ खेत में नरवाई पर अच्छी तरह स्प्रे करें. 7-8 दिनों के भीतर यह नरवाई को सड़ाकर मिट्टी में मिला देता है और इसे पौष्टिक खाद में परिवर्तित कर देता है. नरवाई और पराली को जलाने के बजाय बायोडीकंपोजर का उपयोग करें और इसे जैविक खाद में बदलें.

## 1 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण

**सागर.** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जाएगा. नगरीय निकायों एवं नगर पालिका निगमों को जनगणना के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं. इसके तहत कचरा संग्रहण गाड़ियों पर ऑडियो सिस्टम के माध्यम से जनगणना संदेशों का प्रसारण होगा. शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों के एलईडी डिस्प्ले और नोटिस बोर्ड पर संबंधित वीडियो एवं स्लोगन प्रदर्शित किए जाएंगे.